M/21/2001302

B. A. Compulsory (Main)

EXAMINATION, 2021

(Third Semester)

(Main/Reappear)

HINDI (Compulsory)

Time : 3 Hours ***Maximum Marks : 80***

नोट : कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।

1. निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8×2=16

(क) महाभारत नहीं था द्वन्द्व केवल दो घरों का,
अनल का पुंज था इसमें भरा अगणित नरों का ।
न केवल यह कुफल कुरुवंश के संघर्ष का था,
विकट विस्फोट यह सम्पूर्ण भारत वर्ष का था ।

(ख) वह तोड़ती पत्थर .
देखा उसे मैंने इलाहाबाद के पथ पर

P.T.O.

https://www.cbluonline.com

नहीं छायादार
पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार;
श्याम तन, भर बँधा यौवन,
नत नयन, प्रिय कर्म-रत मन,
गुरु हथौड़ा हाथ,
करती बार बार प्रहार-
सामने तरु-मालिका अट्टालिका, प्राकार ।

(ग) चिंता नहीं जो व्योम-विस्तृत चन्द्रिका का ह्रास हो,
चिंता तभी है जब न उसका फिर विकास हो ।
है ठीक ऐसी ही दशा, हतभाग्य भारतवर्ष की,
कब से इतिश्री हो चुकी, इसके अखिल उत्कर्ष की ।

(घ) एक छोटा सा सत्य तुम्हें सौंपता हूँ
धन्य है वसन्त ऋतु, ठीक है-
पर उसकी धन्यता उसकी कमाई नहीं
वह हमने रची है,
हमने,
यानी हमने

2. अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' का साहित्यिक परिचय देते हुए पाठ्यक्रम में संकलित उनकी कविता का सार लिखिए । 16

https://www.cbluonline.com

निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दीजिए : 8×2=16

(क) मैथिलीशरण गुप्त की राष्ट्रीय चेतना को अभिव्यक्त कीजिए ।

(ख) 'विधवा' कविता की सार संवेदना स्पष्ट कीजिए ।

(ग) भारत-भारती के आधार पर भारत के अतीत का वर्णन कीजिए ।

(घ) जयशंकर प्रसाद की भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए ।

4. विभिन्न विद्वानों द्वारा रीतिकाल के नामकरण को दर्शाते हुए रीतिकाल की विशेषताओं को लिखिए । 16

5. रीतिकाल की परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए भूषण कवि और उनकी कविता की वीरता की भावना को स्पष्ट कीजिए । 16

6. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 8×2=16

(क) मशीनी अनुवाद की परिभाषा व प्रकार लिखिए ।

(ख) इंटरनेट की परिभाषा व उसकी सामान्य उपयोगिता क्या है ? विवरण दीजिए ।

(ग) ई-मेल अकाउंट बनाने की प्रक्रिया लिखते हुए, प्राप्त ई-मेल को किस प्रकार देखा जाता है ?

https://www.cbluonline.com

(घ) कम्प्यूटर का प्रारंभिक विकास व उसके संरचनात्मक स्वरूप को स्पष्ट कीजिए ।

7. 'जयद्रथ वध' कविता का सार लिखते हुए जयशंकर प्रसाद का साहित्यिक परिचय दीजिए । 16

8. दिनकर द्वारा रचित कुरुक्षेत्र का सार-संक्षेप प्रस्तुत कीजिए और इसमें निहित उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए । 16

9. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर 25-30 शब्दों में दीजिए : 2×8=16

(क) सॉफ्टवेयर किसे कहते हैं ?

(ख) रामचन्द्र शुक्ल ने रीतिकाल को क्या नाम दिया ?

(ग) रीतिकाल में कितनी काव्य-धाराएँ प्रवाहित हुई ?

(घ) 'जयद्रथ वध' कविता में वर्णित कृष्ण के तीन गुण लिखिए ।

(ङ) कम्प्यूटर के विविध अंग लिखिए ।

(च) WWW का पूरा नाम लिखिए तथा इसकी उपयोगिता स्पष्ट कीजिए ।

(छ) अनुवाद किसे कहते हैं ? कोई एक परिभाषा दीजिए ।

(ज) बादल राग कविता का उद्देश्य लिखिए ।

https://www.cbluonline.com